विद्या सवर्थि साधिका

आनंदालय

सामयिक परीक्षा-3

कक्षा : नौवीं

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 40

दिनांक : 06-01-2023 | निर्धारित समय : 1 घंटा 30 मिनट

सामान्य निर्देश :-

1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - '**अ**' और '**ब**',
2. खंड 'अ' में कुल 2 वस्तु निष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं | सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
3. खंड 'ब' में कुल 5 वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं | प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |
4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।

6. प्रश्न पत्र में 4 पृष्ठ हैं |

**खंड- 'अ'** (वस्तु निष्ठ) **40 अंक**

1. मेरे मकान के आगे चौराहे पर ढाबे के आगे फुटपाथ पर खाना खाने वाले लोग बैठते हैं- रिक्शेवाले, मज़दूर, फेरीवाले, कबाड़ीवाले...। आना-जाना लगा ही रहता है। लोग कहते हैं- "आपको बुरा नहीं लगता ? लोग सड़क पर गंदा फैला रहे हैं और आप इन्हें बर्दाशत कर रहे हैं ? इनके कारण पूरे मोहल्ले की आबोहवा खराब हो रही है।" मैं उनकी बातों को हल्के में ही लेता हूँ । मुझे पता है कि यहाँ जो लोग जुटते हैं वे गरीब लोग होते हैं । अपने काम-धाम के बीच रोटी खाने चले आते हैं और खाकर चले जाते हैं । ये आमतौर पर बिहार से आए गरीब ईमानदार लोग हैं जो हमारे इस परिसर के स्थायी सदस्य हो गए हैं । ये उन अशिष्ट अमीरों से भिन्न हैं, जो साधारण-सी बात पर भी हंगामा खड़ा कर देते हैं। लोगों के पास पैसा तो आ गया, पर धनी होने का शहूर (तरीका) नहीं आया । 'अधजल गगरी छलकत जाए' की तर्ज पर इनमें दिखावे की भावना उबाल खाती है । असल में यह ढाबा हमें भी अपने माहौल से जोड़ता है । मैं लेखक हूँ तो क्या हुआ ? गाँव के एक सामान्य घर से आया हुआ व्यक्ति हूँ । बचपन में गाँव-घरों की गरीबी देखी है और भोगी भी है । खेतों की मिट्टी में रमा हूँ, वह मुझमें रमी है। आज भी उस मिट्टी को झाड़झूड़कर भले ही शहरी बनने की कोशिश करता हूँ, बन नहीं पाता । वह मिट्टी बाहर से चाहे न दिखाई दे, अपनी महक और (1x5=5)

रसमयता से वह मेरे भीतर बसी हुई है । इसीलिए मुझे मिट्टी से जुड़े ये तमाम लोग भाते हैं । इस दुनिया में कहा-सुनी होती है, हाथापाई भी हो जाती है लेकिन कोई किसी के प्रति गाँठ नहीं बाँधता । दूसरे-तीसरे ही दिन परस्पर हँसते-बतियाते और एक-दूसरे के दुख-दर्द में शामिल होते दिखाई पड़ते हैं । ये सभी कभी-न-कभी एक-दूसरे से लड़ चुके हैं, लेकिन कभी ऐसा प्रतीत नहीं होता कि ये लड़ चुके हैं । कल के गुस्से को अगले दिन धूल की तरह झाड़कर फेंक देते हैं।

(i) इस दुनिया में कहा-सुनी होती है- 'इस दुनिया'- का संकेत है-

(क) शहर से गाँव आ बसे मजदूरों की दुनिया
(ख) गाँव से शहर आ बसे गरीब
(ग) लेखक को उकसाने वाला पड़ोस
(घ) अमीर किंतु अशिष्ट लोग

(ii) लोग लेखक से पूछते हैं कि क्या आपको बुरा नहीं लगता कि-

(क) वे लेखक से रुष्ट रहते हैं
(ख) वे लोग आस-पास गंदगी बिखेर देते हैं
(ग) उन्हें गरीबों से मेल-जोल पसंद नहीं
(घ) वे गंदे लोग हैं

(iii) लेखक लोगों की शिकायतों को हल्के में लेता है, क्योंकि-

(क) वह किसी बात को गंभीरता से नहीं लेता
(ख) शिकायत करना लोगों की आदत होती है
(ग) लेखक उन्हें जानता-पहचानता है
(घ) जुटने वाले लोग गरीब और ईमानदार हैं

(iv) साधारण बात पर भी हंगामा कौन खड़ा कर देते हैं ?

(क) अशिष्ट रेहड़ी-पटरी वाले (ख) लेखक के परिचित लोग
(ग) गाँव से आए गरीब मज़दूर (घ) अमीर किंतु असभ्य लोग

(v) 'गाँठ बाँधना' का अर्थ है

(क) गाँठ लगाना (ख) संभालकर रखना
(ग) मन में रखना (घ) क्रोध करना

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x10=10)

(i) अनुनासिक शब्द है -

(क) उगँली (ख) साँझ (ग) मँगल (घ) जँगल

(ii) अनुस्वार शब्द है -

(क) उंगली (ख) दंगल (ग) ज़मीन (घ) अंगना

(iii) 'सु' उपसर्ग से निर्मित शब्द है -

(क) सूरत (ख) कुसुमाकर (ग) सुकौन (घ) सुडौल

(iv) 'खोर' प्रत्यय से बना शब्द है -

(क) मदनखोर (ख) चुगलखोर (ग) माखनखोर (घ) चौकोर

(v) 'वाक्यों में प्रयोग किए गए शब्द को कहते हैं -

(क) पदबंध कहते हैं | (ख) शब्दांश कहते हैं |

(ग) पद कहते हैं | (घ) वाक्यांश कहते हैं |

(vi) वर्णों का सार्थक समूह ........कहलाता है -

(क) पद (ख) शब्द (ग) अक्षर (घ) वाक्य

(vii) 'वर्मा जी, आप यहाँ किस होटल में ठहरे हैं ' वाक्य में विराम चिह्न अपेक्षित है -

(क) पूर्ण विराम (ख) अर्ध विराम (ग) प्रश्नवाचक विराम (घ) योजक

(viii) 'कठिन परिश्रम करो सफलता निकट है ।' वाक्य में विराम चिह्न लगेगा -

(क) पूर्ण विराम (ख) अल्प विराम (ग) अर्ध विराम (घ) योजक

(ix) 'शायद मेरा भाई आपसे मिला होगा' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन-सा वाक्य भेद है ?

(क) विधान वाचक वाक्य (ख) संदेह वाचक वाक्य

(ग) प्रश्न वाचक वाक्य (घ) आज्ञा वाचक वाक्य

(x) 'पकिस्तान भारत की पश्चिम दिशा में स्थित है।' इस वाक्य में अर्थ के आधार पर वाक्य का कौन-सा वाक्य भेद है ?

(क) विधान वाचक वाक्य (ख) संदेह वाचक वाक्य

(ग) प्रश्न वाचक वाक्य (घ) आज्ञा वाचक वाक्य

## खंड- 'ब' (वर्णनात्मक)

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(i) गीले कीचड़ पर पक्षियों के पंजों का चिह्न कीचड़ की सौंदर्य वृद्धि किस तरह कर देता है ?

(ii) कवि 'एक पत्र छाँह' भी माँगने से मना करता है, ऐसा क्यों ?

(iii) महादेव भाई स्वयं को गांधी जी का 'पीर-बावर्ची-भिश्ती-खर' क्यों कहते थे ?

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए - (3x2=6)

(i) खुशबू रचते हैं हाथ कविता को लिखने का मुख्य उद्देश्य क्या है ?

(ii) अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए रामन् ने अपना योगदान किस तरह दिया ? इससे छात्रों को क्या लाभ हुए ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 50 से 60 शब्दों में दीजिए - (3x1=3)

लेखक की माँ किस बात के लिए चिंतित थीं ? उनकी यह चिंता कैसे दूर हुई ?

**अथवा**

लेखक को पुरस्कार स्वरूप मिली दोनों पुस्तकों का कथ्य क्या था ? 'मेरा छोटा-सा निजी पुस्तकालय' पाठ के आधार पर लिखिए ।

6. समाज में फ़िल्मों का स्तर गिरता जा रहा है। फ़िल्में बनाने का उद्देश्य पैसा कमाना भर रहा गया है। इसी संबंध में साहित्यकार और फ़िल्म निर्माता के मध्य हुई बातचीत को 80-100 शब्दों में संवाद शैली में लिखिए। (5x1=5)

7. **दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को 100 शब्दों में लिखिए | विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से, चित्र से संबंधित होना चाहिए |** (5x1=5)

